दिनांक–14.06.24 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया, लैटिन अमरीका और ख़ासकर अफ्रीका से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्‌वान किया ।
- यूजीसी ने फीस वापसी पर बनाये नियम,अब वापस मिलेगी पूरी फीस
- आम के शौकीनों के लिए भोपाल में शुरू हुआ आम महोत्सव
- आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आख़िरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा।

## प्रधानमंत्री-जी7 शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया, लैटिन अमरीका और ख़ासकर अफ्रीका से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्‌वान किया है। कल इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में उन्होंने भारत के मिशन लाइफ का जिक्र करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस पर उनके द्‌वारा शुरु किये गए प्लांट फॉर मदर यानी एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होने का आह्‌वान किया। श्री मोदी ने इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने यांत्रिक बुद्‌धिमत्ता के क्षेत्र में भारत के मिशन के संबंध में कहा कि इस तकनीक का उद्‌देश्य सभी की प्रगति और हित को बढावा देना होना चाहिए। उन्होंने किया कि भारत यांत्रिक बुद्‌धिमत्ता संबंधी वैश्विक साझेदारी का संस्थापक सदस्य है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढावा दे रहा है।

## यूजीसी- रिफंड नीति

उच्च शिक्षा संस्थानों को इस साल 30 सितंबर तक सभी रद्‌द किये गये दाखिलों और स्थानांतरण की पूरी फीस वापस करनी होगी। विश्वविद्‌यालय

अनुदान आयोग- यूजीसी ने यह फैसला प्रवेश रद्द करने या वापस लेने पर फीस वापस न होने पर छात्रों और अभिभावकों द्वारा की गयी शिकायतों को दूर करने के लिए लिया गया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, यूजीसी-मान्यता प्राप्त संस्थानों, डीम्ड विश्वविद्यालयों और प्रवेश परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू होगी। उच्च शिक्षा नियामक संस्था ने यह भी कहा कि 30 सितंबर के बाद और इस साल 31 अक्टूबर तक फीस वापसी में प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में एक हजार रुपये से अधिक नही काटे जा सकते हैं।

**राज्यपाल शिक्षा**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने पर अंकसूची और डिग्री के वितरण कार्य तेज़ी से करें। आगामी एक माह में डिग्रियों का वितरण सुनिश्चित करे। डीजीलॉकर में भी अंक सूचियां एवं डिग्री तत्काल अपलोड करे। राज्यपाल ने प्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं की बैठक में यह निर्देश दिए। श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों का आयोजन लंबित नहीं रखे। समय सीमा में प्रति वर्ष दीक्षांत समारोह का आयोजन करे।

**केन्द्रीय मंत्री धार**

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री और धार महू लोकसभा सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर पदभार सँभालने के बाद पहली बार धार जिले के दो दिवसीय प्रवास पर है । श्रीमती ठाकुर ने कल महू में अनेक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि धार जिले के विकास को गति मिलेगी और बहुत जल्दी रेलवे लाइन,नवोदय विद्यालय सहित धार जिले को कई सौगात देने वाले हैं।

**आम महोत्सव**

अगर आप आम के शौकीन हैं और प्राकृतिक तरीके से पके हुए आम खाना चाहते हैं तो भोपाल में नाबार्ड द्वारा आयोजित आम महोत्सव आपके लिए ही है। यहां आपको दो दर्जन प्रकार के आम देखने और खाने को मिलेंगे। यह आम महोत्सव 18 जून तक चलेगा। पेश है एक रिपोर्ट

**ईद समय**

प्रदेश भर में 17 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। भोपाल शहर काजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने अपील की है कि ईद की नमाज ईदगाह में ही पढ़ी जाए और देश की सरफरोशी के लिए दुआए की जाए। उन्होने बताया ईदगाह पर नमाज सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में सवा सात बजे, ताज-उज-मसाजिद में साढ़े सात बजे और मोती मस्जिद में नमाज का समय पोने आठ बजे होगा।

**सट्टा कार्यवाही**

उज्जैन पुलिस ने प्रदेश के इतिहास में सट्टे पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर 15 करोड़ रुपये कैश सहित भारी मात्रा में विदेशी करंसी जब्त की है। इसके अलावा, 41 मोबाइल फोन, 19 लैपटॉप, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सिमें, पेनड्राइव, मेमोरी कार्ड सहित अन्य सामग्री भी जब्त की हैं। आरोपी पंजाब, राजस्थान और मध्यप्रदेश के निवासी हैं।

**इंदौर रोजगार मेला**

जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की 12 कंपनियों में नौकरी के लिए 328 युवाओं को चयन किया गया। मेले में कुल 521 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। उपसंचालक रोजगार पी. एस. मंडलोई ने बताया

कि प्राम्भिक रूप से 328 युवाओं का चयन सेल्स एग्जीक्यूटिव, पेकेजिंक ,टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, बेक।

**टी-20 विश्व कप**

आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आख़िरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा। यह मैच फ्लोरिडा में, भारतीय समय के अनुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, कल आयरलैंड के साथ मुकाबला रद्द हो जाने के बाद, अमरीका ने सुपर आठ में जगह बना ली। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और आयरलैंड सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

**यूरो कप-2024**

जर्मनी के म्यूनिख में, यूरो कप फुटबॉल के उद्घाटन मैच में कल जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5-1 से हरा दिया। यह यूरोपीय चैंपियनशिप के उद्घाटन मैच में, अब तक की सबसे बड़ी जीत है। यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**टेनिस- सुमित नागल**

इटली के पेरूगिया में चल रहे एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के पुरूष सिंगल्स में भारतीय खिलाडी सुमित नागल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने दस दिनों में लगातार आठ मैच जीतकर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा है। उन्होंने अपनी सिंगल्स रैंकिंग के आधार पर पैरिस ओलिम्पिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले में 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।
- झाबुआ में स्पेशल जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक शासकीय नर्सिंग प्रशिक्षण बडकुआ में की गई। इसमें पल्स पोलियो अभियान की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई।
- छिन्दवाड़ा में मिशन अंकुर के वार्षिक आंकलन के अंतर्गत ग्रेड-2 एवं 3 का एफ.एल.एन आंकलन पूरे प्रदेश के साथ ही छिंदवाड़ा जिले में भी किया गया।
- भोपाल में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन कल 14 जून को किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियां आयोजित की गई ।
- सतना सांसद गणेश सिंह ने मैहर जिले के भ्रमण के दौरान रामनगर विकासखंड के मार्कण्डेय मे जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।
- निवाड़ी कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को योग को अपनाने हेतु शपथ दिलाई। साथ ही कलेक्टर ने सभी जिलेवासियों से योग को जीवन मे अपना कर स्वस्थ जीवन जीने हेतु अपील की।
- **शाजापुर** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार कल परिवहन विभाग द्वारा बसों में प्रेशर हॉर्न, ओवरलोड और फिटनेस संबंधी अन्य कमी पाये जाने पर कार्यवाही की गई।
- नीमच में भी राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले की समस्त शासकीय शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं । प्रवेश उत्सव 18 जून से 20 जून की अवधि में मनाया जाएगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया, लैटिन अमरीका और ख़ासकर अफ्रीका से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया ।
- यूज़ीसी ने फीस वापसी पर बनाये नियम,अब वापस मिलेगी पूरी फीस
- आम के शौकीनों के लिए भोपाल में शुरू हुआ आम महोत्सव
- आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत अपने आख़िरी ग्रुप स्टेज मैच में कनाडा से खेलेगा।

--------------------